# कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II

/kautilyaacademy

# डेली करंट अफेयर्स

## 08 May 2024




www.kautilyaacademy.com

FREE DEMO SESSIONS AVAILABLE ON THE APPLICATION







DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APPLICATION FROM PLAYSTORE

SCAN THE QR CODE

GET IT ON Google Play

CONTACT US FOR MORE INFORMATION ON GIVEN NUMBER +91-9425068121 OR +91-9893929541

# थॉमस कप और उबेर कप -2024 :

- चीन ने **चेंगदू में 2024 बीडब्ल्यूएफ चैंपियनशिप** में थॉमस और उबेर कप दोनों खिताब जीतकर बैडमिंटन में अपना दबदबा कायम किया।



- थॉमस कप और **उबेर कप 2024** का आयोजन **27 अप्रैल से 5 मई 2024** तक **चेंगदू, चीन** में किया गया है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- इस बार **थॉमस कप** का **33वां** और **उबेर कप** का **30वां संस्करण** आयोजित किया गया है।
- **थॉमस कप पुरुषों के बैडमिंटन** से संबंधित है और **उबेर कप महिलाओं के बैडमिंटन** से संबंधित है।
- थॉमस कप में चीन ने गोल्ड मेडल इंडोनेशिया ने सिल्वर मेडल और मलेशिया और चीनी ताइपे ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।
- **उबेर कप** में **चीन** ने **गोल्ड मेडल इंडोनेशिया** ने **सिल्वर मेडल** और **जापान और दक्षिण कोरिया** ने **ब्रॉन्ज मेडल** हासिल किया है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

## थॉमस कप :

- **थॉमस कप** की **शुरुआत 1949** में की गई थी
- थॉमस कप की **सबसे सफल टीम इंडोनेशिया**, इंडोनेशिया ने **14 बार** इस खिताब को जीता है।
- **भारत की टीम ने 2022** में पहली बार थॉमस कप का खिताब जीता था
- **थॉमस कप 2026 का आयोजन डेनमार्क** में किया जाएगा



For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# उबेर कप :

- उबेर कप की शुरुआत 1957 में हुई थी
- उबेर कप की सबसे सफल टीम चीन है चीन ने 16 बार इस खिताब को अपने नाम किया है।



For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# नेपाल ने 100 रुपये के नए नोट पर भारतीय क्षेत्र, बनाया नेपाली मानचित्र :

- नेपाल सरकार ने अपने **100 रुपये के नए नोट** पर भारतीय इलाकों लिपुलेख, लपियाधुरा और काला पानी के नक्शों को छापने का फैसला किया है।




- नेपाल में प्रचंड सरकार ने कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया है कि इन तीनों क्षेत्रों को शामिल कर **नेपाली मानचित्र 100 रुपए के नोट** पर प्रकाशित किया जाएगा।
- यह फैसला **25 अप्रैल** और **2 मई** को हुई कैबिनेट बैठक के बाद लिया गया है। वहीं **18 जून, 2020** को **नेपाल** ने अपने मानचित्र में लिपुलेख, कालापानी और लपियाधुरा को शामिल करने का फैसला ले लिया था और इसके लिए नेपाली संविधान में भी संशोधन किया गया था।
- भारत सरकार ने नेपाल के इस कदम को एकतरफा बताते हुए इसका विरोध किया था।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

# सबसे बड़ा क्षेत्रीय विवाद :

→ **नेपाल** और **भारत के बीच सबसे बड़ा क्षेत्रीय विवाद कालापानी** को लेकर है। यह भारत, नेपाल और तिब्बत (चीन) के बीच एक ट्राइ-जंक्शन पर स्थित है।



# विवाद की शुरुआत :

- **ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी** और तत्कालीन **नेपाली गोरखा शासकों** के बीच **1816 में सगौली की संधि** हुई थी। इस संधि में उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र का सीमांकन किया गया था और काली नदी को भारत और नेपाल के बीच सीमा माना गया था।
- **काली नदी** के पश्चिमी क्षेत्र को भारतीय क्षेत्र माना गया, जिसमें कुमाऊं-गढ़वाल भी शामिल हैं।
- दोनों देशों के बीच काली नदी की उत्पत्ति को लेकर भी असहमति है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- नेपाल **कालापानी** के पश्चिम में बहने वाली नदी को मुख्य काली नदी मानता है।
- यह नदी लिम्पियाधुरा या इसके निकटवर्ती लिपुलेख दर्रे से निकलती है। इसलिए, नेपाल कालापानी पर अपना राज्यक्षेत्र होने का दावा करता है।
- हालांकि, भारत का तर्क है कि **काली नदी का उद्गम पंखागढ़ नामक एक छोटी सी नदी** से होता है। यह कालापानी के दक्षिणी भाग पर स्थित है। साथ ही, इस क्षेत्र के पूर्वी भाग पर स्थित एक छोटी पहाड़ी (रिज) ही वास्तविक सीमा है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# कोरल ब्लीचिंग :



- **नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन** (एनओएए) के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान की वजह से दुनिया चौथी वैश्विक कोरल ब्लीचिंग घटना का सामना कर रही है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

- यह एक ऐसी घटना है जिसमें **ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ** से लेकर **हिन्द महासागर में तंजानिया, इंडोनेशिया** तक फैली दुनिया की रंगीन मूंगा चट्टानें सफेद होती जा रही हैं।
- पिछले दस वर्षों में यह दूसरा मौका है जब इस तरह की घटना सामने आई है। वहीं अब तक इस तरह की चार घटनाएं रिकॉर्ड की गई हैं।



# कोरल ब्लीचिंग :

- **कोरल ब्लीचिंग** तब होती है, जब कोरल तापमान में परिवर्तन, प्रदूषण या समुद्री अम्लता के उच्च स्तर के कारण तनाव महसूस करते हैं।
- तनाव महसूस करने पर कोरल अपने ऊतकों में निवास करने वाले सहजीवी शैवाल जूजौंथली को निष्कासित कर देते हैं।
- इस कारण कोरल सफेद रंग में परिवर्तित हो जाते हैं, इस घटना को कोरल ब्लीचिंग या प्रवाल विरंजन कहते हैं।
- इससे वह सहजीवी संबंध भी समाप्त हो जाता है जो कोरल को जीवित रहने और बढ़ने में मदद करता है।


For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# कोरल रीफ :

- **प्रवाल भित्तियाँ** पानी के भीतर की संरचनाएँ हैं।
- इन्हें **मूंगा या प्रवाल** कहा जाता है। ये पृथ्वी पर सबसे बड़ी जीवित संरचनाएँ हैं।
- प्रत्येक प्रवाल को एक पॉलीप के रूप में जाना जाता है और ऐसे हजारों पॉलीप्स एक समूह के रूप में एक साथ रहते हैं।
- यह **चूना (CaCo3)** स्रावी जीव होते हैं, जो चूने द्वारा अपने बाह्य कवच का निर्माण करते है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

- प्रवाल जूङ्गैथिली नामक एककोशिकीय **शैवाल के साथ सहजीवी संबंध** रखते हैं।
- कोरल को हार्ड कोरल या सॉफ्ट कोरल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
- **कोरल रीफ-** समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# श्री माधव पेरुमल मंदिर :

हाल ही में, **याक्कई हेरिटेज ट्रस्ट** की एक टीम ने **जीर्ण-शीर्ण श्री माधव पेरुमल मंदिर** में और उसके आसपास पाए गए शिलालेखों पर एक अध्ययन किया।




For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

- श्री माधव पेरुमल मंदिर तमिलनाडु के इरोड जिले के भवानीसागर बांध क्षेत्र में स्थित है।
- **यह 1,000 वर्ष से अधिक पुराना** है और इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है।
- **1948 में भवानीसागर बांध के निर्माण** के कारण मंदिर काफी हद तक जलमग्न रहा।
- यह मंदिर थॉन्ड्रीश्वरमुदियार (भगवान शिव) को समर्पित है।
- मंदिर की वास्तुकला **दक्षिण भारत में प्रचलित द्रविड़ शैली** को दर्शाती है, जिसमें जटिल नक्काशी और शिलालेख शामिल हैं।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- मंदिर में पाए गए शिलालेख **पश्चिमी तमिलनाडु के कोंगु क्षेत्र** को **दक्षिणी कर्नाटक और केरल से जोड़ने वाले एक प्रमुख व्यापार मार्ग** से जुड़े होने का सुझाव देते हैं।
- ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में एक ट्रंक रोड थी और व्यापारी केरल के वायनाड और कर्नाटक के विभिन्न स्थानों तक पहुंचने के लिए **भवानी नदी** और **मोयार नदी** को पार करते थे।
- मंदिर के आसपास का क्षेत्र महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं का गवाह है, जिसमें होयसल शासकों के शासनकाल और ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान लड़ाई भी शामिल है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play



# M
# C
# Q

## QUESTIONS

**Q** एक्टर बर्नार्ड हिल का संबंध किस देश से था जिनका हाल ही में निधन हो गया है?

(A) यूनाइटेड किंगडम

(B) जापानी

(C) नीदरलैंड

(D) अमेरिका

A

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

**Q** भारत का पहला खगोल पर्यटन अभियान 'नक्षत्र सभा' किस राज्य के पर्यटन विभाग के द्वारा शुरू किया गया है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) उत्तराखंड

(C) उड़ीसा

(D) हिमाचल प्रदेश

**B**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**Q** दुनिया में पहली बार किस देश ने AI राजनयिक नियुक्त किया है?

A रूस

B यूक्रेन

C अमेरिका

D जापान

**B**

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

**Q 36वीं बार ला-लीगा 2024 (फुटबॉल) का खिताब किसने जीता है?**

(A) रियल मैड्रिड

(B) ग्रेनेडा

(C) केडिज

(D) बर्सिलोना

**A**

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

**Q** भारत का पहला स्वदेशी बॉम्बर मानव रहित विमान (UAV) FWD-200B का अनावरण कहां किया गया

(A) भोपाल

(B) बेंगलुरु

(C) दिल्ली

(D) चेन्नई

**B**

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

**Q** किस देश के ₹100 के नए नोट में बने नक्शे में भारत के तीन इलाकों को दर्शाया गया है?

(A) नेपाल

(B) भूटान

(C) बांग्लादेश

(D) पाकिस्तान

**A**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**Q** भारतीय मूल की कौन-सी अंतरिक्ष यात्री तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा करने जा रही हैं?

(A) संतोष यादव

(B) प्रभा दत्त

(C) सुनीता विलियम्स

(D) अक्षता कृष्णमूर्ति

C

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

**Q थॉमस कप और उबेर कप 2024 का खिताब किस देश ने जीता है?**

A. भारत

B. चीन

C. दक्षिण कोरिया

D. ऑस्ट्रेलिया

**B**

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

# Thank you!

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play